Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title : Regarding rehabilitation of land oustees by Coal India Limited.

श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) : माननीय सभापति जी, मैं इस सभागृह में आपका ध्यान कोल इंडिया में विस्थापित काश्तकार भाइयों की तरफ दिलाना चाहता हूं। कोल इंडिया में कोयला उत्खनन के लिए कोयलाधारी क्षेत्र को एक्वायर किया जाता है। इस देश में उनके स्थानों पर, जहां-जहां कोयलाधारी क्षेत्र हैं, वहां पर जमीन आवंटित करके कोयले की खानों का निर्माण किया जाता है। हमारे क्षेत्र में, नागपुर क्षेत्र में डब्ल्यूसीएल का पश्चिमांचल क्षेत्र है। यहां चन्द्रपुर, यवतमाल, नागपुर आदि क्षेत्रों के अनेक किसानों की भूमि यह कहकर आवंटित की गयी कि इस भूमि के बदले हम आपको मुआवजा तथा आपके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देंगे। इसी आशा से किसान भाइयों ने अपनी भूमि कोल इंडिया को दे दी। लेकिन पिछले पांच-छः साल से कोल इंडिया के अधिकारी, डब्ल्यूसीएल के अधिकारी इन किसान भाइयों को नौकरी देने से मना कर रहे हैं। इतना ही नहीं, उनको मुआवजा देने में भी विलंब कर रहे हैं। इसके साथ-साथ उस मुआवजे पर कोई ब्याज भी नहीं देते। किसान पांच-छः साल तक मुआवजा पाने के लिए तड़पता रहता है। किसान भाई जो उस जमीन पर खेती करके अपना जीवनयापन करते थे, अपने परिवार का पालन-पोाण करते थे, उससे आज वे हाथ धोकर बैठे हुए cé[r92]।

उन किसानों के भूखे मरने की नौबत आई हुई है। अनेक बार हमने अपनी तरफ से भी अनेक पत्र, चिट्ठियां भेजी हैं और पिछले महीने में अनेक आंदोलन भी हुए हैं। डब्ल्यूसीएल, कोल इंडिया के अधिकारियों के हैड ऑफिस पर घेराव भी किया गया लेकिन उसके बावजूद भी अभी डब्ल्यूसीएल, कोल इंडिया के अधिकारी इन लोगों को रोजगार देने के लिए कोई कदम उठाने की तरफ पहल नहीं कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जिन किसान भाइयों की भूमि कोल इंडिया ने ली है, उन्हें तुरंत नौकरी देने के लिए पहल करे और उनको नौकरी दी जाएं। जिनको पैसा, मुआवजा देना है, जिनकी राशि देनी है, इस राशि को भी तुरंत उन लोगों को दिया जाए।

मैं आपके सामने दूसरी बात कहना चाहता हूं। जहां पर कोयले का उत्खनन होता है, उसके आसपास के गांव उजड़ जाते हैं और उनका काफी नुकसान होता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि उन गांवों का पुनर्वास किया जाए। हमारे चन्द्रपूर, बल्हारपुर, माजरी क्षेत्र और वनी उमरेड क्षेत्र में ऐसे कई गांव हैं जहां पर कोयले का उत्खनन करके ब्लास्टिंग की जाती है और कोयला निकाला जाता है, उससे बहुत बड़ी आपदा आ सकती है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इन दोनों बातों को अर्थात् जिन किसानों की जमीन कोल इंडिया ने ली है, उनको नौकरी और मुआवजा व पैसा दिया जाए और गांवों का पुनर्वास जल्दी से किया जाए, इस दिशा में तुरंत कदम उठाए जाएं। धन्यवाद।